हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 16 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 दो करोड़ का काम डेढ़ साल बाद भी अधूरा



07 आश्वासन पर सर्व आदिवासी समाज ने किया धरना समाप्त



खबर संक्षेप

19 सितंबर को स्कूलों में होंगी प्रतियोगिताएं

नर्मदापुरम। सेवा चित्र अभियान के अंतर्गत 19 सितंबर 2026 को जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए सेवा कार्यों, जनकल्याणकारी पहलों तथा विकसित भारत के संकल्प से संबंधित विषयों पर अपनी रचनात्मकता एवं विचार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

आईटीआई व पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजन 22 को

नर्मदापुरम। जिले के समस्त आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में 22 सितंबर 2026 को ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को सेवा, सुशासन, नवाचार, कौशल विकास और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, राष्ट्र के विकास के प्रति जागरूकता तथा जनसेवा की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा।

जनसुनवाई में 87 आवेदनों पर हुई सुनवाई

आवास,श्रम, वित्त, राजस्व और अनुकंपा जैसे अन्य आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला ने विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदनो का समाधान किया। जनसुनवाई में आए 87 आवेदनों पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया। श्री शुक्ला ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई मे आए पेंशन, सीमांकन, अतिक्रमण, विधुत, राजस्व सम्बन्धि आवेदनों पर सुनवाई कर उनका त्वरित निराकरण किया गया। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज परिहार सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला ने नागरिकों की समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदनो का समाधान किया।



पानी की समस्या का आया आवेदन

नर्मदापुरम के रहवासियों ने पेयजल सप्लाई में समस्या तथा नलों में कम प्रेशर से पानी आने की शिकायत प्रस्तुत की। इस पर पालिका सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि वार्ड में टीम भेजकर पेयजल लाइन की जांच कराई जाए तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए पेयजल आपूर्ति निरंतर एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए। इसी दौरान वार्डवासियों ने सड़क मरम्मत की समस्या भी बताई।

एसपी ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश



पुलिस अधीक्षक कार्यालय नर्मदापुरम एवं जिले के सभी थानों में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा (भापुसे) ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पारिवारिक विवाद, संपत्ति संबंधी मामले, धोखाधड़ी एवं अन्य व्यक्तिगत शिकायतें शामिल रहीं। एसपी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण करना तथा पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाना है। इससे नागरिकों को समय पर न्याय दिलाने के साथ पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास भी मजबूत होता है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं जिले के सभी थानों में नियमित जनसुनवाई आयोजित की जाती है, जहां नागरिक अपनी समस्याएं सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं।

किसान पंजीयन 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक किए जाएंगे

उपार्जन हेतु जिले में 30 पंजीयन केन्द्र निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य हेतु जिले में 30 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गए है। खरीफ उपार्जन वर्ष 2026-27 हेतु किसान पंजीयन 15 सितम्बर, 2026 से 10 अक्टूबर, 2026 तक किया जायेगा।

किसान पंजीयन हेतु जारी दिशा निर्देशानुसार किसान पंजीयन करने के पूर्व उनके आधार नंबर का वैरिफिकेशन लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त OTP या बायोमैट्रिक डिवाइस से किया जाना आवश्यक है। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा, जबकि भू-अभिलेख में दर्ज खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख / एग्रीस्टेक एवं आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से किया जायेगा। पोर्टल पर किसान के आधार नंबर / समग्र परिवार आईडी / मोबाईल नंबर / एग्रीस्टेक किसान आईडी / विगत वर्ष की किसान पंजीयन आईडी दर्ज करने पर किसान का विवरण प्रदर्शित होगा, जिसमें आवश्यकता अनुसार संशोधन किया जा सकेगा। नवीन किसान के पंजीयन हेतु किसान का पूर्ण विवरण दर्ज करना होगा। किसान के सही आधार नंबर प्रविष्ट करना होगा। किसान के बायोमेंट्रिक / ओटीपी सत्यापन उपरान्त आधार डाटाबेस में किसान की दर्ज पूर्ण जानकारी UIDAI से ई उपार्जन पोर्टल पर प्राप्त होगी। किसान पंजीयन में भूमि का खसरा, रकबा एवं बोई गई फसल की जानकारी एग्रीस्टेक डाटाबेस से लिया जाएगा, जिसमें संबंधित किसान के खसरें की ही जानकारी पंजीयन में ली जा सकेगी। एग्रीस्टेक में किसान के सभी खसरे उपलब्ध न होने पर किसान द्वारा संबंधित पटवारी / सीएससी / ग्राम सहायक / Farmer Registry MPMobile App पर स्वयं किसान द्वारा शेष खसरे एग्रीस्टेक डाटाबेस में जोडे जा सकेंगे। सिकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर ही किया जाएगा।

किसानों को पंजीयन केन्द्रों पर लंबी लाइन से मुक्ति दिलाने के लिए व्यवस्था को सहज बनाया गया है।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देश दिए कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन पूरी गंभीरता एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में जनसहभागिता को प्राथमिकता दी जाए तथा कार्यक्रमों की सफलता के लिए पूर्व से कार्ययोजना तैयार कर उसका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपने तथा उनके दायित्वों का स्पष्ट निर्धारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी एवं डाटा निर्धारित पोर्टल पर समय-सीमा में अद्यतन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। डाटा अद्यतन करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी जाए।

शासकीय कन्या महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर साहित्यिक गतिविधियों का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विविध साहित्यिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति रुचि, गौरव और रचनात्मक अभिव्यक्ति की भावना विकसित करने के साथ ही हिंदी के राष्ट्रीय एवं वैश्विक महत्व से परिचित कराना था।कार्यक्रम के दौरान हिंदी के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व, राजभाषा के रूप में इसकी भूमिका तथा हिंदी की समृद्ध साहित्यिक परंपरा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. मेहरा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र की एकता में हिंदी की भूमिका तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी



द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने छात्राओं को हिंदी के प्रति गौरव की भावना रखने तथा नियमित पठन-पाठन के माध्यम से भाषा के प्रति रुचि विकसित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. हरप्रीत रंधावा ने कहा कि सभी भारतीय भाषाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने साहित्य के माध्यम से भाषाओं के बीच जुड़ाव और आपसी समन्वय को बढ़ावा देने पर बल दिया।

रवि योग में मनीं ऋषि पंचमी, शहर में त्योहारों की धूम.. बाजारों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में इन दिनों त्योहारों की धूम है। हरतालिका, गणेश उत्सव और ऋषि पंचमी पर पूजन पाठ का दौर चालू है। इस बार तीज और गणेश चतुर्थी का एक ही दिन दुर्लभ संयोग रहा और यह कई दिनों बाद ऐसा संयोग बना है। वहीं घर-घर गिरजा नंदन पधारे और हर तालिका तीज पर फुलेरा सजा और शंकर पार्वती की पूजा की गई । इसके साथ ही सुबह फुलेरा का विसर्जन किया गया। गणेश स्थापना कर पंडाल सजाए गए। डीजे बाजे से बप्पा को घर ले जाया गया और फिर उनकी स्थापना कर आरती पूजन पाठ की गई। मंगलवार को ऋषि पंचमी व्रत रख ऋषि की पूजा की गई। रवि योग से इसका महत्व और बढ़ गया। ऋषि पंचमी पर आधा झारा की दातुन करने के बाद महिलाएं ऋषि पंचमी की पूजा पाठ करेंगे। गणेश उत्सव पर इस बार 12 दिन तक उनकी पूजा पाठ होगी । ज्योतिष आचार्य पंकज पाठक ने बताया कि ऋषि पंचमी पर रवि योग का सहयोग बना रहा है। अपने घर में भूमि पर चौक बना कर सप्त ऋषियों की स्थापना करनी चाहिए।



त्योहारी सीजन में शहर को व्यवस्थित करने की मुहिम, गंदगी फैलाने पर लगाया स्पॉट फाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



त्योहारी सीजन की रौनक के बीच नर्मदापुरम को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए स्थानीय नगरपालिका टीम पूरी तरह एक्शन मोड में है। इसी कड़ी में हाल ही में नगरपालिका के अतिक्रमण दस्ते द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत बाजार क्षेत्र के रास्तों पर यातायात अवरूद्ध करने और शहर में गंदगी फैलाने वाले लापरवाह लोगों पर 1800/- रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया।

एआरआई रवि सूर्यवंशी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के कुशल मार्गदर्शन में बाजार में व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। त्योहारों के इन दिनों में बाजार क्षेत्रों में भारी भीड़ उमड़ती है, जिसके कारण जाम की स्थिति न बने और आवागमन सुचारू रहे, इसे प्राथमिकता देते हुए नपा की टीम मैदान में उतरी है। कार्रवाई के दौरान एआरआई रवि सूर्यवंशी के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम जिसमें शेख सिकंदर, कैलाश कन्नौजिया, सतीष रघुवंशी और रितिक शर्मा शामिल रहे। टीम द्वारा समझाइश दी गई कि मार्ग को अवरूद्ध न करें, प्रतिबंधित पॉलिथीन पन्नी का उपयोग बिल्कुल न करें और कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय डस्टबिन में रखें। नपाध्यक्ष ने शहर के सभी नागरिकों और व्यापारियों से विनम्र अपील की है कि वे इस त्योहारी सीजन में नपा प्रशासन का पूरा सहयोग करें।

107 लोगों ने प्राप्त किया चिकित्सकीय परामर्श

नर्मदापुरम। गत दिवस राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में जिले के 107 लोगों ने सहभागिता कर विभिन्न बीमारियों एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए अपना स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच एवं उपचार हेतु अस्थिरोग, मेडिसिन, ई.एन.टी., नेत्ररोग, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी सहित अन्य विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

7 लाख की लागत से बन रही सीसी सड़क का किया निरीक्षण

विधायक और नपा अध्यक्ष ने लिया जायजा, गुणवत्ता से कार्य करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी के वार्ड क्रमांक 11-12 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत लगभग 7 लाख की लागत से सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और वार्ड पार्षद अमित विश्वास भी उपस्थित रहे।

गुणवत्ता और समय सीमा पर सख्त निर्देश

निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ. शर्मा ने गुणवत्ता को लेकर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तकनीकी मापदंडों का पूरी तरह से पालन किया जाए। गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न करते हुए, इस विकास कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर ही पूर्ण किया जाए।



10 दिनों तक आवागमन बंद रखने की अपील

सड़क को पूरी मजबूती मिलने और उसके लंबे समय तक टिके रहने के लिए, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने स्थानीय नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

उन्होंने कहा कि अगले 10 दिनों तक इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद रखा जाए। इसके लिए ठेकेदार को सड़क के छोर पर मलबा डालकर रास्ता रोकने के निर्देश भी दिए गए हैं। चौरे ने यह भी बताया कि अतिक्रमण हटने से मार्ग अब पहले से अधिक चौड़ा और सुगम हो गया है, जिससे भविष्य में क्षेत्रवासियों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। वहीं क्षेत्र वासियों ने नपाध्यक्ष पंकज चौरे और विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के प्रयासों की सरहना करते हुए उनका आभार माना। साथ ही सहयोग करने की बात भी कही।

जीनियस प्लेनेट स्कूल में हिंदी पखवाड़े का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जीनियस प्लेनेट स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी दिवस पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के अक्षर, शब्द, वाक्य, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण आदि विषयों पर शानदार एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुतिया दीं। विद्यार्थियों ने हिंदी साहित्य के प्रख्यात साहित्यकारों एवं कवियों के जीवन-परिचय प्रस्तुत करते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का प्रभावशाली पठन भी किया। इनमें मैथिलीशरण गुप्त, महादेवी वर्मा, महावीर प्रसाद द्विवेदी आदि साहित्यकारों की रचनाएँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।इस अवसर पर प्राचार्य मनीता सिद्दीकी ने अपने विचार व्यक्त किए।

धर्मसभा में बोलीं आर्यिका संघ प्रमुख भावनामति माताजी...

'सुमरण करने वाले का ही सु-मरण होगा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीवन में सुमरण और भजन जरूरी है। 'सुमरण' शब्द स्वयं कह रहा है—'सु-मरण'। जो सुमरण करेगा, उसका ही सु-मरण होगा। जो जन भजन करता है, वही सज्जन और महाजन है, अन्यथा उसे दुर्जन ही समझना चाहिए।

यह उद्गार इटारसी में चातुर्मास कर रहीं आर्यिका संघ प्रमुख परम पूज्य आर्यिका श्री 105 भावनामति माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर आर्यिका भक्तिमति एवं आर्यिका सदयमती माताजी भी उपस्थित थीं।

आर्यिका भावनामति माताजी ने कहा कि भोजन करना पाप नहीं है, लेकिन भोजन करते समय भगवान



को भूल जाना पाप है। जीवन का गणित बड़ा उल्टा है। वर्तमान को सुधारोगे तो भविष्य सुधरेगा और जीवन को सुधारोगे तो मरण अपने आप सुधर जाएगा।

जन्म जितना सत्य है, मृत्यु उतनी ही सुनिश्चित

उन्होंने कहा कि जन्म जितना सत्य है, मृत्यु भी उतनी ही सुनिश्चित है। मृत्यु जीवन के कालीन पर पैर रखकर ही आती है। नवजात शिशु की पहली किलकारी में ही मृत्यु की अंतिम घोषणा छिपी होती है। जब जन्म मंगल, शुभ और उत्सव है तो मृत्यु मातम, अशुभ और अमंगल कैसे हो सकती है? हमारी सोच ने ही मृत्यु को मातम और अमंगल मान लिया है, जबकि आध्यात्मिक दृष्टि से ऐसा नहीं है।

माताजी ने भगवान महावीर के उपदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि 'जम्मं दुक्खं' अर्थात जन्म भी दुःख है। दुनिया भले ही जन्म को उत्सव मानती हो, लेकिन अध्यात्म की दृष्टि से जन्म भी एक दुःख है। जरा अर्थात बुढ़ापा भी दुःख है और मरण भी दुःख है।


केवल मृत्य ही एक समस्या नहीं है

उन्होंने कहा कि अध्यात्म की इस भाषा को समझकर जीवन जीने की आवश्यकता है। यदि इसे नहीं समझा तो मनुष्य संसार के बंधनों में और अधिक जकड़ता चला जाएगा। माया उसे अपने मोह में बांध लेगी। इसलिए केवल मृत्यु को ही समस्या मानना उचित नहीं है; जन्म भी एक समस्या है। जीवन को सुधारना ही मरण को सुधारने का सबसे सरल मार्ग है।

आज निकलेगी शोभायात्रा, कल पूजन-भंडारा व भजन संध्या होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री विश्वकर्मा समिति संगठन, नर्मदापुरम के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री विश्वकर्मा पूजनोत्सव महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। समिति ने सामाजिक बंधुओं से सहपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर महोत्सव को सफल बनाने का आग्रह किया है।



महोत्सव के तहत आज 16 सितंबर बुधवार को कार्यक्रम स्थल से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 17 सितंबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक पूजन एवं भंडारा आयोजित होगा। इसी दिन रात 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का समापन 18 सितंबर शुक्रवार को भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ होगा। सभी कार्यक्रम गौर भवन, साईं मंदिर के पास, फौजदार कॉलोनी, रसूलिया, नर्मदापुरम में आयोजित किए जाएंगे। समिति ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। आयोजन को लेकर समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अखिलेश विश्वकर्मा, सचिव नवलकिशोर विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, प्रचार मंत्री सतीश मालवीय, मनोज विश्वकर्मा, महामंत्री पवन विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, संगठन मंत्री राजेश विश्वकर्मा, अशोक मालवीय सहित अन्य पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हैं।

खबर संक्षेप

आधी रात जुए के फड़ पर पुलिस का छापा, सात गिरफ्तार

सारनी। जुआ-सट्टे के खिलाफ सारनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बगडोना में चल रहे जुए के फड़ पर दबिश देकर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 26 हजार 640 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। कार्रवाई मंगलवार रात करीब 1.15 बजे सपरा पेट्रोल पंप के पीछे की गई। पुलिस के अनुसार, थाना सारनी पुलिस को सूचना मिली थी कि बगडोना क्षेत्र में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही जुए के फड़ पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर मौके से सात लोगों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक पवार (41) निवासी शोभापुर, पिन्टू मालवीय (48) निवासी बगडोना, सुनील मोहबे (35) निवासी बगडोना, राकेश आहके (36) निवासी बगडोना, शमशेर खान (43) निवासी शोभापुर, सलीम मियां (52) निवासी बगडोना और मोन्टी भलावी (41) निवासी शोभापुर शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 26,640 रुपए नकद तथा 52 ताश के पत्ते जब्त किए। सभी आरोपियों के खिलाफ थाना सारनी में धारा 13 जुआ एक्ट में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती, उपनिरीक्षक मनोज उइके, सहायक उपनिरीक्षक शिवपाल इरपाचे, आरक्षक रविमोहन, राकेश करपे एवं सैनिक सुभाष की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बुजुर्ग से मारपीट एक गिरफ्तार

बैतूल। बैतूल के सोनाघाटी में साइकिल का धक्का लगने की बात पर दो युवकों ने 60 वर्षीय बुजुर्ग से विवाद किया। आरोप है कि युवकों ने गाली-गलौज करते हुए उनसे पैसे मांगे, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। माता मंदिर के पास रहने वाले रमेश बामने ने 14 सितंबर को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि सुमित उईके और राहुल उईके ने साइकिल का धक्का लगने की बात को लेकर उनसे विवाद किया। दोनों ने गाली-गलौज की और पैसे की मांग की। विरोध करने पर मारपीट कर उन्हें चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 296(बी), 115(2), 351(2), 119(1) और 3(5) के तहत जांच शुरू की। पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता की बताई जगह पर सुमित उईके, पिता विनोद उईके, निवासी भारत-भारती को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में सुमित ने राहुल उईके के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। दूसरे आरोपी राहुल उईके की तलाश की जा रही है।

कॉलेज चौक पर काम बंद, परेशान हो रहे राहगीर

दो करोड़ का काम डेढ़ साल बाद भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



यूं तो शहर को सुंदर बनाने के नाम पर नगरपालिका ने करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट तैयार किए और बजट खर्च भी किया और कई जगह काम भी शुरू कराए, लेकिन इन प्रोजेक्टों का स्थायी असर शहर में नजर नहीं आ रहा है। कहीं काम शुरू होने के बाद बीच में ही बंद हो गया है तो कहीं महीनों से अधूरा पडा है। जिसके कारण आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कॉलेज चौक पर 2 करोड़ रुपए की लागत से सडक चौड़ीकरण और सौंदर्गीकरण का काम डेढ़ साल में भी पूरा नहीं हो पाया है। सडक चौड़ीकरण के लिए बिछाई गई गिट्टी और अधूरे हिस्से वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। यंहा बारिश के दौरान सडक पर गड्ढों के कारण आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। नपा ने गड्ढों में पेवर ब्लॉक लगाकर भराव तो किया, लेकिन वह पेवर ब्लॉक भी धंस गए हैं। गौरतलब है कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों के चौड़ीकरण और सौंदर्याकरण के लिए नपा ने करीब 5 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट तैयार किया था। टेंडर प्रक्रिया के बाद कुछ स्थानों पर काम शुरू भी हुआ, लेकिन काम बीच में ही बंद हो गया। अब नपा द्वारा रिवाइज स्टीमेट तैयार कराया जा रहा है। नपा का तर्क है कि मूल प्रोजेक्ट में डामरीकरण का प्रावधान था, लेकिन डामर उपलब्ध नहीं होने और काम में देरी के कारण अब उसी लागत में इसे सीसी सड़क के रूप में रिवाइज किया जा रहा है।

व्यस्ततम चौराहों में शामिल कॉलेज (परशुराम) चौक

शहर के सबसे व्यस्त कॉलेज (परशुराम) चौक पर लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या और अव्यवस्थित आवागमन को सुगम बनाने के लिए नगरपालिका ने कॉलेज चौक के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण की योजना बनाई थी। जिसे विशेष तकनीकी डिजाइन के आधार पर विकसित किया जाना था। लेकिन डेढ़ साल में सिर्फ कॉलेज चौक पर पुलिया का ही निर्माण हो सका है। इसके बाद काम बंद कर दिया गया। यहां चौड़ीकरण के नाम पर गिट्टी बिछाकर छोड़ दी गई थी, जो बाद में फैल जाने से वहां पर बडे-बड़े गड्ढे हो गए, जिनमें बारिश के पानी का भराव होने से अब राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

इन तीन चौकों का भी शुरू होगा काम

नगर पालिका बैतूल के अधिकारियों के मुताबिक कॉलेज चौक के अलावा शहर के कोतवाली चौक (16.50 लाख), गंज पेट्रोल पंप चौक (15.65 लाख) और नंदी चौक (17.42) का सौंदर्यीकरण कार्य भी जल्द शुरू करने की तैयारी है। लल्ली चौक पर भी कार्य चालू कर दिया है, लेकिन यहां के एस्टीमेट को भी डामरीकरण की जगह सीसी के रूप में रिवाइज किया जा रहा है। शहर के अखाड़ा चौक का भी सौदयकिरण कार्य 11.50 लाख रुपये की लागत से होना है। हालाकि अभी नगरपालिका यहां पर कार्य नहीं शुरू करवाएगी। इसकी वजह है कि यहां पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सडक निर्माण किया जाना है। इसके अलावा सडक निर्माण के लिए पोल शिफ्टिंग कार्य भी किया जाना है। यदि नगरपालिका यहां पहले काम कर देती है तो पोल शिफ्टिंग और सडक निर्माण से हालत पूरी तरह बिगड़ जाएगी।

इन तीन चौकों के बाद में होंगे काम


इसके अलावा गेंदा चौक, अंबेडकर चौक और कारगिल चौक के सौंदर्योकरण के कार्य भी अभी हाल-फिलहाल शुरू नहीं किए जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि इनके एस्टीमेट भी पहले डामरीकरण के बने थे। अब इन तीनों चौकों के एस्टीमेट भी रिवाइज किए जा रहे हैं। इसके बाद ही यह काम शुरू हो सकेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच शुरू हुए युद्ध के बाद से जिला भी डामर की भारी कमी से जूझ रहा है। डामर के बेहद बढ़ चुके दाम और उसकी किल्लत के कारण शहर की कई सडके मंजूर होने के बाद भी लंबे समय के बाद भी नहीं बन पाई है। इसके अलावा भी कई जरुरी काम अटके पड़े हैं। यदि यह कार्य सीमेंट काक्रीट से कराए जाएगें, तो इनकी लागत काफी बढ़ जाएगी।

काम में लाएंगे तेजी

चौक-चौराहों के चौड़ीकरण एवं सौंदरयीकरण के कार्यों का रिवाइज स्टीमेट बनाया गया है। बारिश की वजह से कॉलेज चौक का काम अभी पूरा नहीं हो सका है। जल्द ही सौंदर्याकरण के कार्यों में तेजी आएगी।
- पंकज धुर्वे, सब इंजीनियर
नगरपालिका बैतूल

कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरणः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई।

इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में देहगुड निवासी संतुलाल बोरबन ने आदेश होने के बाद भी नामांतरण नहीं किए जाने संबंधी शिकायत की। आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुन कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी भैंसदेही और आठनेर तहसीलदार को तत्काल जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिए। आमला निवासी महेश के सीमांकन संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने तहसीलदार आमला को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सोनवणे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई में दोबारा न आना पड़े। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ गणेश जायसवाल ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में डहुआ निवासी रामकुंवर कवड़े ने जमीन का कब्जा दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने मुलताई एसडीएम को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

भारतीय किसान संघ का प्रदर्शन

गन्ने का दाम 600 करने और फसल नुकसान का मुआवजा देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

देशव्यापी ज्ञापन दिवस के तहत भारतीय किसान संघ की तहसील इकाई ने मंगलवार 15 सितंबर को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। देशभर के किसानों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। वहीं बैतूल की स्थानीय किसान समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर तहसीलदार को भी ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कृषि लागत, फसल क्षतिपूर्ति, सिंचाई, बिजली और किसानों से जुड़ी अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। किसान संघ ने वर्ष 2026-27 के लिए गन्ने का मूल्य 600 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग प्रमुखता से उठाई। वहीं खरीफ फसल में सोयाबीन, धान और मक्का को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर भू-राजस्व संहिता की धारा 4-6 के तहत क्षतिपूर्ति राशि तथा फसल बीमा क्लेम दिलाने की मांग की गई। सोसायटियों द्वारा बीमा राशि काटे जाने के बावजूद किसानों को रसीद नहीं दिए जाने पर आपत्ति जताते हुए बैंकों के माध्यम से रसीद उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। ज्ञापन में आबादी भूमि के ड्रोन सर्वे में सामने आई त्रुटियों का भौतिक सत्यापन कराने और भू-सुधार का विकल्प देने की मांग की गई। साथ ही कम वर्षा को देखते हुए कम पानी में होने वाली फसलों के बीज उपलब्ध कराने तथा लागत अनुदान की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में भेजने की मांग रखी गई। फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए तार फेंसिंग पर 60 प्रतिशत सब्सिडी और सभी फसलों का लाभकारी मूल्य निर्धारित करने की मांग भी शामिल है। सिंचाई व्यवस्था को लेकर संघ ने घोघरी डैम परियोजना के अधूरे निर्माण कार्य आगामी रबी सीजन तक पूरा कर नहर और पाइपलाइन के माध्यम से सिंचाई शुरू कराने की मांग की। बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए एक ट्रांसफार्मर खराब होने पर पूरे स्टेशन का फीडर बंद करने के बजाय संबंधित ट्रांसफार्मर का डीओ या जंपर काटकर सुधार कार्य करने का सुझाव दिया गया, ताकि अन्य किसानों की बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो। इसके अलावा रबी सीजन के लिए ई-टोकन व्यवस्था में प्रति एकड़ खाद का कोटा बढ़ाने, ग्राम उमरी दरगाह के पास ओवरलोड की समस्या के समाधान के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, शहरी क्षेत्र के किसानों पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर निरस्त करने तथा नगरीय किसानों को डीबीटी के माध्यम से सोलर पंप अनुदान में प्राथमिकता देने की मांग की गई।

व्यापक स्तर पर चलेगा अभियान

सेवा संकल्प अभियान 17 से नपा अध्यक्ष ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान 2026 का आयोजन देश भर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक किया जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र में अभियान को व्यापक रूप देने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने मंगलवार 15 सितंबर को नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली। अभियान के सफलता पूर्वक आयोजन के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान 2026 देश भर में चलाया जाने वाला एक बड़ा जन-संपर्क और समाज सेवा अभियान है। यह 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। निकाय क्षेत्र में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तैयारियों को लेकर मंगलवार नगर पालिका सभाकक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, नोडल अधिकारी केके भावसार, उपयंत्री कमलेश पटेल की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लगातार 25 वर्षों की जन सेवा का जश्न मनाने हेतु आयोजित किया जा रहा है। यह नागरिकों को विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प से जोड़ता है। यह युवाओं, महिलाओं, किसानों और वंचित वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं, सुशासन और सशक्तिकरण पर जोर देता है। अतः इस अभियान की जानकारी घर-घर तक पहुंचाना आवश्यक है। अभियान के तहत निकाय क्षेत्र में आगामी 17 सितंबर को सायं आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वार्ड स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों के अलावा श्री मठारदेव बाबा मंदिर, प्रधानमंत्री आवास परिसर में भव्य दीप प्रज्वलन कार्यक्रम होंगे। देश व्यापी सेवा ज्योति कलश यात्रा 25 सितंबर को सारनी प्रवेश कर छिंदवाड़ा की ओर रवाना होगी। इस यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। विभिन्न स्थानों पर आकर्षक विद्युतीय सज्जा की जाएगी।

जनसुनवाई में जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

दो दिन में एक बार पानी, तहसील परिसर के शौचालय भी बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



नगर की पेयजल व्यवस्था और तहसील परिसर में शौचालयों की बदहाल स्थिति को लेकर मुलताई अधिवक्ता संघ ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजीव कहार को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने नगर की विभिन्न समस्याओं का तत्काल निराकरण कराने की मांग करते हुए नगरपालिका को प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश देने की मांग की। अधिवक्ता संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में मुलताई नगर के विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि कई क्षेत्रों में दो दिन के अंतराल के बाद महज करीब 30 मिनट पानी की आपूर्ति की जा रही है। उनका कहना है कि वर्तमान में बारिश का मौसम होने के साथ ही हरदौली जलाशय में पर्याप्त पानी उपलब्ध है और नगर में पेयजल के पर्याप्त स्त्रोत होने के बावजूद नियमित जलापूर्ति नहीं की जा रही है।

30 दिन का नलकर, लेकिन नियमित पानी नहीं मिलने पर उठाए सवाल ज्ञापन में अधिवक्ता संघ ने नगर में जलापूर्ति और नलकर की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि नगरपालिका द्वारा नगरवासियों से 30 दिवस का नलकर लिया जा रहा है, जबकि कई क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। संघ ने मांग की है कि नगरपालिका परिषद को नगर में प्रतिदिन साफ एवं स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही जितने दिनों तक नल के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है, उसी अवधि के अनुरूप नलकर लिए जाने की व्यवस्था पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाए।

स्टोरेज टैंक और फिल्टर की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल

ज्ञापन में पेयजल के स्टोरेज टैंक की सफाई और फिल्टर की व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई गई है। अधिवक्ताओं का कहना है कि उचित सफाई एवं फिल्ट्रेशन व्यवस्था नहीं होने के कारण नगरवासियों को नियमित रूप से साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। अधिवक्ता संघ ने प्रशासन से इस मामले में नगरपालिका की जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि नगरवासियों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल मिल सके। ज्ञापन में मुलताई तहसील परिसर में स्थित शौचालयों की स्थिति को लेकर भी गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई है। अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील परिसर के शौचालय में यूरिनल क्षतिग्रस्त हैं तथा नियमित साफ-सफाई नहीं होने से अधिवक्ताओं और पक्षकारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से महिला अधिवक्ताओं के लिए उचित एवं सुविधाजनक शौचालय की व्यवस्था नहीं होने का मुद्दा भी ज्ञापन में प्रमुखता से उठाया गया है। संघ ने तहसील कार्यालय परिसर में वर्तमान शौचालय को हटाकर नवीन शौचालय का निर्माण कराने तथा नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। अधिवक्ता संघ ने जिला प्रशासन से नगर की पेयजल व्यवस्था और तहसील परिसर की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े दोनों महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

महिलाओं ने ताप्ती में किया स्नान, सप्तऋषियों की पूजा-अर्चना

ऋषि पंचमी पर ताप्ती तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

पवित्र नगरी मुलताई में ऋषि पंचमी के अवसर पर मंगलवार सुबह से ही ताप्ती तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमडने लगी। हरतालिका तीज, गणेश चतुर्थी और ऋषि पंचमी के व्रत-पर्व के चलते ताप्ती तट पर विशेष धार्मिक माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाओं ने मां ताप्ती के पवित्र जल में स्नान कर ध्यान एवं पूजन किया और ऋषि पंचमी के व्रत का संकल्प लिया। इसके साथ ही विभिन्न मंदिरों में आयोजित यज्ञ, हवन एवं पूजन कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ऋषि पंचमी के अवसर पर सुबह से ही ताप्ती तट पर महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ती रही। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से स्नान करने के बाद ताप्ती तट एवं मंदिरों में पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने सप्तऋषियों एवं माता अरुंधती का पूजन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की।

इस वर्ष तीन प्रमुख पर्व दो दिनों में होने से विशेष रहा संयोग

लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रतिवर्ष ऋषि पंचमी पर विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित करने वाले पंडित गणेश त्रिवेदी एवं बंडु, राजू मूलमूले ने बताया कि सामान्यतः हरतालिका तीज के दो दिन बाद ऋषि पंचमी का व्रत किया जाता है। हालांकि इस वर्ष हरतालिका तीज, गणेश चतुर्थी और ऋषि पंचमी के पर्व का क्रम कम अंतराल में होने के कारण श्रद्धालुओं के लिए यह धार्मिक दृष्टि से विशेष अवसर रहा। महिलाओं ने गणेश चतुर्थी के व्रत का समापन करने के बाद ऋषि पंचमी के व्रत एवं पूजन की शुरुआत की।

सप्तऋषियों और माता अरुंधती को समर्पित है ऋषि पंचमी

पंडितों के अनुसार ऋषि पंचमी भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। यह पर्व सप्तऋषियों और माता अरुंधती के प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महिलाएं इस दिन व्रत रखकर पूजा-अर्चना करती हैं तथा जाने-अनजाने में हुई धार्मिक त्रुटियों के लिए क्षमा याचना करती हैं। मान्यता है कि ऋषि पंचमी के दिन पवित्र नदियों में स्नान और विधि-विधान से पूजन करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी धार्मिक आस्था के चलते मुलताई स्थित मां ताप्ती के तट पर ऋषि पंचमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

महाराष्ट्र सहित आसपास के जिलों से पहुंचीं महिलाएं

ऋषि पंचमी के अवसर पर मुलताई के ताप्ती तट पर महाराष्ट्र सहित आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं। श्रद्धालुओं ने ताप्ती नदी में स्नान करने के बाद मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष भी ताप्ती तट पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। लक्ष्मी नारायण मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों में भी ऋषि पंचमी के अवसर पर हवन, यज्ञ एवं विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। धार्मिक आयोजनों में महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

भीड़ को देखते हुए ताप्ती तट पर सुरक्षा व्यवस्था

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए ताप्ती तट पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। परिक्रमा क्षेत्र में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस बल के साथ नगर पालिका के कर्मचारियों की भी तैनाती की गई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ऋषि पंचमी के चलते ताप्ती तट पर दिनभर धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल बना रहा। महिलाओं ने स्नान-पूजन के साथ सप्तऋषियों का स्मरण कर व्रत की परंपरा का निर्वहन किया।

पटवारी संघ ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



बैतूल। मप्र पटवारी संघ द्वारा मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम से जिला प्रशासन को अतिरिक्त कार्यों से पटवारी संवर्ग को पृथक रखने और लंबित सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के निष्पादन, ई-केवाईसी, पंजीयन एवं इससे जुड़े व्यक्तिगत दायित्व वाले कार्यों से पटवारी संवर्ग को पूर्णतः पृथक रखने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इस संबंध में जिलाध्यक्ष मोहनलाल धुर्वे ने कहा कि योजना में पटवारियों की भूमिका सहयोगात्मक एवं अभिलेखीय, मैदानी सहायता तक रही है, इसलिए उन्हें प्रत्यक्ष निष्पादक बनाए जाने से भविष्य में कानूनी एवं व्यक्तिगत दायित्व की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पटवारी संघ ने फार्मर आईडी को सतत प्रक्रिया मानते हुए इस कार्य को लेकर पटवारियों पर मानसिक दबाव अथवा अनावश्यक कार्रवाई नहीं किए जाने की मांग की। संघ ने कहा कि तकनीकी समस्याओं के निराकरण के साथ यह कार्य निरंतर चलता रहेगा, इसलिए इसे लेकर पटवारियों पर दबाव बनाना उचित नहीं है। ज्ञापन में जियो-टैग गिरदावरी को लेकर भी पटवारी संघ ने अपना विरोध दर्ज कराया। संघ ने मांग की कि पटवारियों को जियो-टैग गिरदावरी के लिए प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार नहीं बनाया जाए। पटवारी संघ ने वेतन विसंगति, ग्रेड-पे, कैडर रिव्यू, पदोन्नति एवं अन्य सेवा संबंधी लंबित समस्याओं के स्थायी निराकरण की मांग भी रखी। संघ ने कहा कि पटवारी शासन की विभिन्न योजनाओं एवं अभियानों को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, इसके बावजूद उनकी सेवा संबंधी कई समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं।

कार्यालय नगर परिषद शाहपुर जिला बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक/ ईटेण्डरिंग/ लो.नि.शा./2026/710 // निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम) // शाहपुर दिनांक 07/09/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग भोपाल के केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

सिस्टम टेण्डर नंबर	कार्य का नाम एवं विवरण	अनुमानित लागत (रूपये में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा फार्म का शुल्क	श्रेणी	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7
2026_UAD_533440_1	वार्ड क्र. 06 में ग्वाल बाबा पर छत एवं चौपाल निर्माण कार्य	276671/-	5533/-	2000/-	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत	04 माह

नोट- 1. इच्छुक एवं पात्र निविदादाता विस्तृत निविदा एवं अन्य समस्त जानकारी https://www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।
2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 15/09/2026 समय सुबह 10.30 बजे से दिनांक 30/09/2926 समय सायं 5.30 बजे तक वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किए जा सकते है तथा ऑनलाईन दर प्रस्तुत की जा सकती है।
3. निविदा में किए जाने वाले संभावित संशोधन की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी, निविदा से संबंधित संशोधित वेबसाइट पर ऑनलाईन देखे जा सकते है।
4. देयकों का भुगतान निकाय की वित्तीय स्थिति के अनुसार किया जावेगा।

(रोहित विकी नायक) अध्यक्ष | (पम्मी छोटू राठौर) उपाध्यक्ष | (कमलेश प्रजापति) सभापति | (नवनीत पाण्डेय) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद, शाहपुर

खबर संक्षेप

रेलवे को 15 दिन का समय देकर तय होगी आंदोलन की तारीख

सोहागपुर। सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर कायम यात्री असुविधाओं को लेकर नागरिक संघर्ष समिति एवं रेल रोको संघर्ष समिति ने अब निर्णायक लड़ाई का ऐलान किया है। समितियों की संयुक्त बैठक बुधवार को दोपहर 3:30 बजे काली मंदिर में होगी।

बैठक के बाद रेल मंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम और स्टेशन मास्टर को सौंपा जाएगा। संघर्ष समिति संयोजक शिवकुमार पटेल ने बताया कि समिति लंबे समय से सोहागपुर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने, ट्रेन स्टापेज, ओवरब्रिज/अंडरब्रिज निर्माण, प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने, डिस्प्ले बोर्ड लगाने, पर्याप्त बिजली व्यवस्था, साफ-सफाई और यात्री सुरक्षा जैसे मुद्दे उठाती रही है। लेकिन मांग पूरी नहीं हो रही है तथा गत दिनों स्टेशन पर हुई दुखद दुर्घटना और चोरी की घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रात में स्टेशन परिसर के कई हिस्सों में अंधेरा और सुरक्षाकर्मियों की कमी से यात्रियों में भय का माहौल है।

अतः अब ज्ञापन औपचारिकता नहीं होगा। 16 सितंबर की बैठक में रेल प्रशासन को 15 दिन की समय सीमा दी जाएगी। यदि 15 दिनों में समाधान योग्य मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक आंदोलन किए जाएंगे। समिति ने अपडाउनर्स, विद्यार्थियों, व्यापारियों, युवाओं और जागरूक नागरिकों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

गणेशोत्सव को लेकर शहर के मंदिरों, कॉलोनियों और प्रमुख स्थानों पर सजे पंडाल

सार्वजनिक स्थानों समेत घरों में विराजे गजानन, जयकारों से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





ढोल-नगाड़ों की थाप, गाजे-बाजे के बीच गणपति बप्पा मोरया के जयघोष और हाथों में सजी भगवान गणेश की प्रतिमाएं... सोमवार को गणेश चतुर्थी पर शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। सुबह से ही घरों और पूजा पंडालों में विघ्नहर्ता गजानन की स्थापना का सिलसिला शुरू हो गया। शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ भगवान गणेश को विराजमान कराया गया। इसी के साथ शहर और ग्रामीण अंचल में 12 दिवसीय गणेशोत्सव का श्रीगणेश हो गया।

गणेश स्थापना को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह दिखाई दिया। कई स्थानों पर श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाएं लेकर निकले। जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली गईं। इनमें बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। रास्तेभर गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया और आया रे आया गणपति आया के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने गुलाल उड़ाकर और पुष्पवर्षा कर गणपति का स्वागत किया।

शोभायात्राओं के पंडाल पहुंचने के बाद भगवान गणेश की विधिवत स्थापना की गई। सार्वजनिक पंडालों में आकर्षक सजावट और विशेष श्रृंगार किया गया है। वहीं घरों में भी महिलाओं और बच्चों ने मिट्टी सहित विभिन्न प्रकार की गणेश प्रतिमाएं स्थापित कीं। भगवान को चंदन, अक्षत, फूल, धूप-दीप अर्पित कर आरती की गई और मोदक सहित विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया गया।

पंडालों में होंगे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन

गणेशोत्सव को लेकर शहर के मंदिरों, कॉलोनियों और प्रमुख स्थानों पर पंडाल सजाए गए हैं। गणेश महोत्सव समितियों ने 12 दिनों के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की है। कई पंडालों में शाम को आरती के साथ भजन-कीर्तन होंगे। माता मंदिर के समीप भी गणपति पंडाल बनाया गया है, जहां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आयोजन किए जाएंगे।

इस बार गणेशोत्सव सामान्य 10 दिनों के बजाय 12 दिनों का होगा। 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर स्थापना के बाद 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इस तरह स्थापना से विसर्जन तक उत्सव 12 दिनों तक चलेगा। इससे पहले वर्ष 2017 में भी गणेशोत्सव 12 दिनों का रहा था। धार्मिक जानकारों के अनुसार इस बार तिथियों की अवधि के कारण चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक का क्रम 14 से 25 सितंबर तक बन रहा है। यही वजह है कि इस बार गणेशोत्सव दो दिन अधिक चलेगा।

हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का संयोग

इस बार लंबे समय बाद हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी एक ही दिन पड़ रही हैं। सोमवार को महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। तृतीया तिथि की अवधि को लेकर मतांतर के बीच धार्मिक गणना के अनुसार चतुर्थी से युक्त तृतीया को व्रत के लिए उपयुक्त माना गया। धार्मिक जानकारों के मुताबिक इससे पहले 2 सितंबर 2019 को भी इसी प्रकार तृतीया दो दिनों तक रही थी। उस समय भी चतुर्थी से युक्त तृतीया को व्रत के लिए ग्रहण किया गया था। गणेश चतुर्थी के साथ ही अब शहर में 12 दिनों तक भक्ति और उत्सव का रंग दिखाई देगा। घरों से लेकर पंडालों तक भगवान गणेश की आराधना होगी और अनंत चतुर्दशी पर गणपति बप्पा को भावपूर्ण विदाई दी जाएगी।

आश्वासन पर सर्व आदिवासी समाज ने किया धरना समाप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विगत दो सप्ताह से भी ज्यादा समय से धरना प्रदर्शन कर रहे सर्व आदिवासी समाज ने एडीएम के लिखित आश्वासन पर अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

मंगलवार को सुबह से ही धरना स्थल पर विभिन्न आदिवासी संगठनों के नेता कार्यकर्ता भाई-बहन एकत्रित होना शुरू हो गए थे यहां विभिन्न आदिवासी नेताओं ने सभा की उसके बाद हाईवे पर चक्का जाम किया अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें समझाया और जांच का आश्वासन दिया लेकिन वह नहीं माने उसके बाद पुनः सिरवाड रोड पर चक्का जाम लगाया अधिकारियों ने लिखित जांच का आश्वासन दिया जब धरना प्रदर्शन समाप्त किया सर्व समाज आदिवासी संगठन के इस आंदोलन को विभिन्न आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ता कांग्रेस के पदाधिकारियो ने भी समर्थन दिया था धरना प्रदर्शन सभा के दौरान बीच-बीच में बारिश भी होती रही तब भी संगठन के लोग डटे रहे और शासन प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते रहे आंदोलन के सूत्रधार कृष्ण मसकोले और आशीष उइके ने आंदोलन को सर्व आदिवासी समाज के संगठन की जीत बताया।

नमो नर्मदा सेवा पथ अभियान ग्राम मारगांव से कल से होगा प्रारंभ

माखन नगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुभ जन्मदिवस के अवसर पर मां नर्मदा की सेवा पर्यावरण संरक्षण, परिक्रमा वासियों के लिए शीतल छाया, जल ,विश्राम स्थल ,सदाव्रत, स्वास्थ्य सुविधा ,उपलब्ध कराने हेतु मां नर्मदा के पुत्र अवधूत संत श्री दादा गुरु जी के पुण्य आतिथ्य में नमो नर्मदा सेवा पथ अभियान का शुभारंभ क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी विधायक विजयपाल सिंह के मुख्य अतिथि में 17 सितंबर को ग्राम मारा गांव से किया जा रहा है। इस अवसर पर मां नर्मदा का भंडारा भी आयोजित किया गया है पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने समस्त क्षेत्र वासियों से इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया है।

उखड़ी सड़क पर बिछाई गई गिट्टी, फिर फंसे वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में स्टेट हाईवे पर सीएम राइज स्कूल के सामने जल भराव समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। गत दिनों भाजपा के धरने के बाद प्रशासन ने तत्काल गिट्टी से गड्ढों का पुराव किया था। लेकिन बरसात व वाहनों की सतह आवाजाही से गिट्टी बैठ गई है एवं गढ्ढों में वाहन फंसने लगे हैं। मंगलवार सुबह हैवी लोडेड लोडिंग वाहन का चका गड्ढे में पटक खा गया। जिसके कारण वाहन का एक्सल टूट गया और यातायात की बाधा उत्पन्न हुई।

नहीं हो रहा गौतम वार्ड में नाली के पानी की समस्या का समाधान



सोहागपुर। शहर के गौतम वार्ड में रोड एक्सीलेंट पर एक घर की नाली के गंदे पानी का भराव होता है। समस्या का समाधान स्थानीय प्रशासन अब तक नहीं कर पाया है। नप कभी बजरा तो कभी मिट्टी डालकर पानी रोकने का प्रयास कर रही है। लेकिन समस्या बढ़ रही है क्योंकि अब गंदा पानी के साथ कीचड़ भी सड़क पर जमा होने लगा है। जिसके कारण नागरिकों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों के अनुसार फिलहाल त्यौहारी सीजन है तथा भक्तजन नियमित ही मंदिरों को उक्त मार्ग से आना-जाना करते हैं। तथा उन्हें सड़क पर भरे गंदे पानी और कीचड़ से बहुत परेशानी होती है। नागरिकों ने समस्या निराकरण की अपेक्षा प्रशासन से की है।

भारतीय किसान संघ ने की बैठक, चर्चा के बाद नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

भारतीय किसान संघ तहसील ईकाई द्वारा मंगलवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी में मासिक बैठक की गई। बैठक में भारतीय किसान संघ के प्रमुख पर्व भगवान बलराम जयंती इस पखवाड़े में तहसील के सत प्रतिशत गांवों में मनाई जावेगी उसके लिए कार्य योजना बनाई गई। बैठक में वर्तमान में किसानों के लिए आ रही समस्याओं के बारे में भी चर्चा की गई। इसके उपरांत प्रतिवर्ष अनुसार संपूर्ण मध्य प्रदेश में 15 सितंबर को ज्ञापन दिया जाता है। इस तारतम्य में तहसील में नायब तहसीलदार सुनील गढ़वाल को तीन ज्ञापन दिए गए। जिसमें प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एवं स्थानीय समस्याओं को लेकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देते समय उपस्थित प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान उदय कुमार पांडेय ओमकार राजपूत लखन लाल चौधरी जितेंद्र मीणा राजेश दीवान गोपाल मीणा हितेषचौधरी भूपेंद्र दीवान जगदीश मीणा ललित चौधरी दुर्गेश चौधरी गणेशाराम चौधरी कैलाश मीणा पंचम मीना डालचंद भारती राजकुमार यादव प्रताप राजपूत केशव कहार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान किसानों ने ज्ञापन में मां की कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में मुख्य बिंदु 1सभी फसलों पर लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिया जावे। कृषि में उपयोग में होने वाली दवाई कृषि यंत्र तथा बीज पर से जीएसटी हटाई जावे।समर्थन मूल्य खरीदी में बायोमेट्रिक मशीन का प्रयोग पूर्णतया बंद किया जावे पुनः ओटीपी व्यवस्था को लागू किया जावे। ई टोकन खाद प्रणाली में सुधार किया जावे। समर्थन मूल्य पर सभी फसलों को खरीदा जावे भावांतर योजना का भारतीय किसान संघ पुरजोर विरोध करता है।

कलेक्टर से की मांग

समर्थन मूल्य मूंग खरीदी में भुगतान से शेष रहे किसानों को शीघ्र भुगतान किया जाए। समय पूर्व नेहरोकी सफाई कर एवं मरम्मत कार्य किया जाए। विद्युत मंडल द्वारा किसानों को 10 घंटे निरंतर विद्युत प्रलय की जावे एवं जले हुए ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदला जावे। खरीफ फसल की गिरदावरी शीघ्र की जाए। रवि सीजन के पूर्व बीज सहकारी समितियों के बीजों का प्रमाणीकरण किया जाए। तहसील के प्रत्येक ग्रामों में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाई जाए। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, उदय कुमार पांडेय, ओमकार राजपूत, लखन लाल चौधरी, जितेंद्र मीणा, राजेश दीवान आदि मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान को लेकर विधायक ने की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक राष्ट्रीय स्तर पर संचालित होने वाले सेवा संकल्प अभियान को लेकर सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने गत दिवस सोहागपुर नप कार्यालय में बैठक की। जिसमें अभियानांतर्गत होने वाले जन कल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा के निर्धारण पर चर्चा की गई। विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल एवं जनसेवा के सुशासन के उपलक्ष्य में 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम किए जाएंगे। बैठक में कार्यक्रमों की तैयारियों, रूपरेखा एवं सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री महोदय के 25 वर्षों के सेवा, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम सभी पूरी प्रतिबद्धता और एकजुटता के साथ कार्य करेंगे।

मुख्य मार्ग के दोनों तरफ नहीं कराया मिट्टी का भराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्यप्रदेश शासन द्वारा पचमढ़ी रोड, शोभापुर रोड के मुख्य मार्ग के दोनों तरफ साइड में मुरम मिट्टी गिट्टी आदि डलवाकर मार्ग की किनारे को सुरक्षित रखने कै उद्देश्य से होता आया है। यह कार्य बरसात होने के पूर्व करा दिया जाता था। जिसमें की बरसात के पानी का भराव नहीं हो तथा गड्ढे ना हो जिससे व्यक्ति को परेशानी नहीं होगी। लेकिन अभी वर्तमान में सामने आया कि वर्ष 2025 एवं 2026 में संबंधित विभाग ने सड़क मार्ग पर कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है ना ही साइड भरी हुई है। जिसके कारण मुख्य मार्ग के दोनों तरफ साईड



में गड्ढे हो गये है। जिनमें पानी भरा हुआ है।

पैदल आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। धीरे धीरे मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। तथा कहीं कहीं गाड़ी धोने के लिए प्लेटफार्म बनाए गए हैं। नाली नहीं है तो पूरा पानी मुख्य मार्ग के किनारे एकत्रित हो रहा है। जिसके कारण कीचड़ हो रही है। शोभापुर रोड पर एक गार्डन के सामने मुख्य मार्ग पर ही पानी भर कर झील बनी हुई है। इसलिए लोगों को परेशानी हो रही है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। इस विषय में अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग राघवेन्द्र सिंह चौहान से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि यह जो मार्ग बताएं है। वह एमपीआरडीसी के अंतर्गत आते हैं। उनके लिए तत्काल प्रभाव से कार्य करना चाहिए। जबकि राघवेन्द्र सिंह चौहान के पूर्व सेवा निवृत्त अनुविभागीय अधिकारी रहे पी के शर्मा द्वारा संबंधित सभी कार्य कराए गए हैं तो चौहान ने बताया कि अब यह मार्ग लोकनिर्माण विभाग में नहीं है। इस मामले में राजेंद्र सिंह चौधरी एमपीआरडीसी विभाग से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि अभी शासकीय उद्यान सिलारीकेपास टोल बसूली लगातार जारी है। बरसात के बाद मरम्मत कार्य एवं साइट भराव का काम किया जा सकता है।

सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा संवाद स्थापित करने भाजपा के दो प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा संवाद स्थापित करने के लिए अनुभव वाले लोगों को जागरूक करने के लिए प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के द्वारा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल को सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा संवाद स्थापित करने के लिए नर्मदा पुरम संभाग के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। वहीं दूसरी तरफ भाजपा किसान मोर्चा खापरखेड़ा मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन वालिया को जिला अध्यक्ष प्रदेशाध्यक्ष के निर्देश अनुसार पिपरिया विधानसभा क्षेत्र का किसान संगठन का प्रभारी नियुक्त किया गया है। दोनों अनुभव शील नेता हैं। इसका लाभ भाजपा को मिलेगा। पवन वालिया पूर्व में भी अनेक पदों पर आसीन रहे चुके हैं। पार्टी के लिए समर्पित नेता हैं। किसानों की समस्या के समाधान हेतु हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। भाजपा के स्थाई सदस्य भी हैं। दोनों नेताओं ने आगामी 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिन पर अपने प्रभारी क्षेत्रों में अधिक से अधिक दीपोत्सव कराने के लिए जुटे हुए हैं। तथा अपनी केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं जनता तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर दीपक जलाकर सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा संवाद स्थापित करेंगे।

संस्कृति विभाग ने हिंदी दिवस पर किया कवि सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार रात माखननगर के बाबा मैरिज गार्डन में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

जिसमें मध्य प्रदेश के ख्यात से कवियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। श्रोताओं ने कवियों को भरपूर सराहना दी। आयोजन संयोजिका कीर्ति वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी के मार्गदर्शन, साहित्य अकादमी से राकेश सिंह के निर्देशन एवं विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में कवि सम्मेलन किया गया। जिसमें दिनेश प्रभात भोपाल, गीतेश्वर बाबू घायल आष्टा, मुकेश जोशी खातेगांव, अमित अमित बिल्लौरे 'अमृत' सोहागपुर, संदीप मदन गुरु बुधनी, पवन 'प्रबल' इटारसी, सौरभ यादव 'सूर्य' माखन नगर एवं आमीन अली सागर ने रचनाओं की प्रस्तुति दी।

व्रत करने से जाने-अनजाने हुए दोषों का प्रायश्चित होता है

महिलाओं ने किया ऋषि पंचमी का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ऋषि पंचमी का व्रत गणेश चतुर्थी के अगले दिन, यानी भाद्रपद शुक्ल पंचमी को होता है। पंडित रवीश रावत ने बताया परंपरा के अनुसार इस दिन सप्तऋषियों, कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ की पूजा की जाती है। मान्यता है कि व्रत और पूजा करने से जाने-अनजाने हुए दोषों का प्रायश्चित होता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

पूजा की सामान्य विधि

सुबह स्नान करके स्वच्छ कपड़े पहनें। पूजा स्थान को साफ करके सप्तऋषियों का चित्र या प्रतीक



स्थापित करें। कलश स्थापित करें और गणेश जी का स्मरण करें। सप्तऋषियों को जल, अक्षत, फूल, चंदन, धूप और दीप अर्पित करें शनिचरा बाजार के दुर्गा मंदिर में पंडित रवीश रावत ने पूरे विधि विधान से पूजा कराई और महिलाओं को कथा सुनाई।

मां गौरी और भगवान शंकर की हुई पूजन

माखन नगर भादो मास की तीज पर महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना के साथ हरतालिका व्रत किया पूरी रात्रि भजन संगीत कर भगवान शिव पार्वती की विधिवत पूजा आराधना की एवं नगर के अनेक मंदिरों में एवं मंगलवार बाजार शनिचरा बाजार आवास कॉलोनी मैं निज निवास पर भी फुलेरा बांधकर रात्रि जागरण भजन पूजन एवं आरती कर सुबह फुलेरा का विसर्जन किया।



सोहागपुर के श्री शंभू दरबार में मनाया हरतालिका तीज




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के पलाश परिसर स्थित श्री शंभू दरबार पलाश परिसर में हरितालिका व्रत पूजन एवं श्री गणेश प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम सानंद संपन्न हुए हैं। पर्वों को बहुत ही आनंद एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पलाश परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की माताएं बहनें बड़ी संख्या में श्री शंभू दरबार में पहुंची, जहां ब्राह्मणों की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण द्वारा भगवान श्री शिव पार्वती जी का पूजन कराया गया। चारों प्रहर की पूजन साथ-साथ महिलाओं ने भजन का आनंद भी लिया। सुबह चार बजे फुलेरा विसर्जन किया गया। इस दिव्य आयोजन में श्री सिद्धि विनायक उत्सव समिति के सभी सदस्य एवं समस्त पलाश परिसर की माताएं बहनें उपस्थित रहीं। इसके अलावा पलाश परिसर में सार्वजनिक श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना भी की गई।

अपरवेदा-जलाशय में जलसंग्रहण से जगदन-पुल हो गया था जलमग्न

खोई-चैनपुर के मध्य जुलाई 2011 से है रास्ता बंद

16 वर्षों बाद भी झिरन्या और भीकनगांव की डगर कठिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

अपरवेदा-जलाशय में जलसंग्रहण से झिरन्या-भीकनगांव (26 किमी) का सीधा संपर्क टूट गया था, जिससे 16 वर्षों बाद भी इनके मध्य आवागमन सुगम नहीं हो पाया है। इस दौरान परिवर्तित मार्गों पर करोड़ों रुपए व्यय कर दिए गए, लेकिन गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण से ग्रामीणों को अपेक्षित राहत नहीं मिली। वहीं दूरभाष कंपनियों और जल निगम ने सड़कों को जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचा दिया, जिससे अधिकारी एवं कंपनियां जांच के घेरे में हैं।

गौरतलब है कि अपरवेदा सिंचाई परियोजना के जलाशय में जुलाई 2011 में 310 मीटर जल-संग्रहण किया गया था। फलस्वरूप खोई-चैनपुर मार्ग के मध्य वेदा नदी पर स्थित जगदन-नदी का पुल जलमग्न हो गया था। जिससे झिरन्या-भीकनगांव के प्रमुख कस्बों के मध्य सीधा संपर्क टूट गया था। इसके बाद तीन परिवर्तित सड़कों पर सरकारी खजाने से भारी-भरकम धनराशि खर्च की गई, लेकिन झिरन्या-भीकनगांव तक आवागमन के लिए 10 से 13 किमी तक अधिक दूरी तय करने से समय और धन का अपव्यय हो रहा है।

एनवीडीए ने अधर में छोड़ी सड़कें

नर्मदा घाटी विकास विभाग (पीडब्ल्यूडी) क्रमांक 5 (सनावद) ने दोनों प्रमुख कस्बों की दूरी कम करने के लिए परिवर्तित-मार्गों की डीपीआर तैयार कर सड़क निर्माण शुरू किया था। इनमें गोराडिया-शिवना-आभापुरी-चैनपुर (20.275 किमी), खोई फाटा से बेढान्या-गवलखेड़ा (9 किमी) और खोई फाटा से खारवा की ओर जीरो लेकिन तीनों सड़कें डब्ल्यूबीएम (गिट्टीकरण) आगे नहीं बढ़ सकी और वित्तीय-संकट के चलते विभाग ने हाथ उंचे कर दिए। फलस्वरूप भोपाल स्तर से ही प्रधानमंत्री सड़क योजना को हस्तांतरित कर दिया गया।



त्रासदी का अंतहीन-सिलसिला

लोक निर्माण विभाग का झिरन्या-भीकनगांव तक ग्रामीणजन जीर्ण-शीर्ण मार्ग पर कई वर्षों तक आवागमन की त्रासदी का सामना कर रहे थे, ऐसे में प्रधानमंत्री सड़क योजना के हस्तांतरण से वाहन-चालाक आशान्वित थे। लेकिन नवनिर्मित सड़कें भी अल्पावधि में ही गड्ढों में परिवर्तित होती रही और आवागमन की त्रासदी का अंतहीन-सिलसिला चल रहा है। जिसका खामियाजा ग्रामीण एवं वाहन चालाक भुगत रहे हैं और बारिश में सर्वाधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं। पिछले वर्ष आभापुरी के एक युवक की दुर्घटना में म्रत्यु के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम किया था, लेकिन अभी भी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढें होने से आवागमन में परेशानियां हो रही है।

पटरियां खोदने से बिगड़ रहे हालात

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना और लोक निर्माण विभाग की सड़कों को दूरभाष कंपनियों ने भूमिगत ओएफसी लाइन के लिए सड़कों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। कमोबेश, यही स्थिति जल निगम द्वारा अपरवेदा परियोजना से पाइप लाइनें बिछाने से भी हो रही है, लेकिन उन्हें रोकने-टोकने वाला नहीं है। फलस्वरूप सड़क एवं पटरियों में कीचड़ है, जिससे वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है।

इनका कहना है...

शीघ्र ही पेचवर्क शुरू करेंगे और और बारिश के बाद डामरीकरण करेंगे। दूरभाष कंपनियों और जल निगम द्वारा सड़क खुदाई करने पर हमने समय-समय पर कड़ी कार्रवाई की है।

योगेश शर्मा, महाप्रबंधक, ग्रामीण विकास प्राधिकरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकासखरगोन

सभी परिवर्तित मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना को हस्तांतरित कर दिए हैं। जबकि खोई फाटा से खारवा मार्ग (करीब 4 किमी) तक जो जलाशय के डाउन-स्ट्रीम में है, उसकी स्वीकृति के प्रस्ताव भेजे गए हैं।

संदीप शर्मा, कार्यपालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास, संभाग 19 भीकनगांव

फसल बीमा, समर्थन मूल्य पर खरीदी सहित विभिन्न मांगें उठाईं

रहटगांव में किसान संघ ने मनाई बलराम जयंती, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव द्वारा मंगलवार को मंडी प्रांगण में भगवान बलराम जयंती उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर किसानों एवं संघ के पदाधिकारियों ने भगवान बलराम का पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद किसान संघ के कार्यकर्ता तहसील कार्यालय पहुंचे और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में दावा राशि के भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए पंजीयन जल्द शुरू कराने की मांग की गई। साथ ही धान, मक्का सहित सभी खरीफ फसलों की समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी शुरू करने तथा अतिवृष्टि, वायरस एवं अन्य बीमारियों से फसलों को हुए नुकसान की शासन स्तर से भरपाई और किसानों को बीमा का लाभ दिलाने की मांग उठाई गई। किसानों ने जले हुए ट्रांसफार्मर बदलने के लिए एंबुलेंस सेवा शुरू करने और 24 घंटे में ट्रांसफार्मर बदलने, रहटगांव डीएमओ में पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध रखने की मांग की। खाद का बिल रहटगांव में ही बनाने की मांग भी की गई, क्योंकि किसानों को इसके लिए टिमरनी जाना पड़ता है। ई-पोर्टल को हमेशा चालू रखने तथा रहटगांव डीएमओ खाद गोदाम के लिए जल्द भूमि आवंटित करने की मांग की गई। ज्ञापन में तहसील में लंबित सीमांकन, खेत के रास्ते एवं गोहो के सीमांकन संबंधी आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने, छोटे घास की भूमि पर किए गए अतिक्रमण हटाने तथा सोडलपुर के मुख्य कान्हा बाबा चौक पर अतिक्रमण हटाने की मांग भी रखी गई।

इसके अलावा रहटगांव तहसील में धान की सरकारी खरीदी शुरू करने, पालतू जानवरों एवं सूअरों से फसलों को हो रहे नुकसान पर कार्रवाई करने तथा धनपाड़ा से आमसागर और रहटगांव से छिदगांव-तमोली तक प्रधानमंत्री सड़क बनाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान तहसील एवं ग्राम इकाइयों के किसान तथा भारतीय किसान संघ के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोबाइल एप प्रशिक्षण 17 और 22 को

हरदा। पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2026 के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी (मेनपावर) तृप्ति पटेरिया ने बताया कि पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2026 के लिए नियुक्त मतदान कर्मियों को पीओ मोबाइल एप का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 17 व 22 सितम्बर को दो सत्रों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा तथा भाउ साहब भुस्कुटे महाविद्यालय टिमरनी में आयोजित किया गया है।

रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के चलते टिमरनी में तीन माह यातायात मार्ग परिवर्तित

हरदा। टिमरनी नगर में रेलवे क्रॉसिंग क्रमांक-208 पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कार्य को देखते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी टिमरनी शैलेन्द्र कुमार बडोनिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश 15 सितम्बर से 15 दिसम्बर 2026 तक प्रभावी रहेगा।

15 सितंबर से 15 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा प्रतिबंधात्मक आदेश

जारी आदेश के अनुसार रेलवे क्रॉसिंग क्रमांक-208 पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य प्रगति पर है। होशंगाबाद लेग पर पाइप फाउंडेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आगे पाइल कैप, सबस्ट्रक्चर एवं सुपर स्ट्रक्चर का कार्य किया जाना है। निर्माण स्थल पर वाहनों की आवाजाही जारी रहने से दुर्घटना की आशंका को देखते हुए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। आदेश के तहत छिदगांव मेल से टिमरनी नगर में श्रीकृष्ण मेडिकल वाले मकान से आगे बस स्टैंड तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। वैकल्पिक मार्ग से वाहनों का आवागमन कराया जाएगा। छिदगांव मेल की ओर से आने वाले वाहन टिमरनी सड़क तथा निर्धारित वैकल्पिक मार्ग से आवागमन करेंगे, जबकि अन्य वाहनों के लिए भी परिवर्तित मार्ग निर्धारित किया गया है। एसडीएम ने कहा कि प्रतिबंधात्मक आदेश आमजन की सुरक्षा तथा निर्माण कार्य को सुचारू रूप से पूरा कराने के उद्देश्य से जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का ऐलान

27 सितंबर तक मांगें नहीं मानीं तो भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

नवीन शिक्षक संवर्ग की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश ने सरकार को अब आर-पार की चेतावनी दी है। मोर्चे ने ऐलान किया है कि 27 सितंबर तक मांगों का ठोस निराकरण नहीं हुआ तो भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। 18 अप्रैल को भेल दशहरा मैदान में लाखों शिक्षकों की मौजूदगी में प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। इसके बावजूद मांगों पर निर्णय नहीं होने से शिक्षकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

जगदीश यादव का कहना है कि अप्रैल से अगस्त तक लगातार शिक्षा मंत्री एवं आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय सहित शासन-प्रशासन के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर मांगों के समाधान का आग्रह किया गया, लेकिन अभी तक न तो मुख्यमंत्री स्तर पर मुलाकात हो सकी और न ही तीन सूत्रीय मांगों का समाधान हुआ। मोर्चा के प्रदेश संयोजक जगदीश यादव ने कहा कि शिक्षकों ने अब तक लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें सरकार के सामने रखी हैं। यदि 27 सितंबर तक समाधान नहीं हुआ तो भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। शिक्षक सरकार के विरोधी नहीं हैं, लेकिन अपने अधिकारों और सम्मान के लिए अब निर्णायक संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे।

टीईटी की अनिवार्यता समाप्त हो

तमिलनाडु की तर्ज पर मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर संकल्प प्रस्ताव पारित किया जाए और केंद्र सरकार को आवश्यक अध्यादेश के लिए भेजा जाए।

प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना हो

अध्यापक संवर्ग की सेवा की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करते हुए ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण, पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों में वरिष्ठता का लाभ दिया जाए।

शिक्षकों पर लागू ई-अटेंडेंस व्यवस्था को समाप्त किया जाए

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कर तीनों मांगों पर सीधी चर्चा की मांग की है। साथ ही मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में शिक्षक महासम्मेलन आयोजित करने की इच्छा जताई है।

समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में फसल बीमा, समर्थन मूल्य, खाद, कृषि आदान, सिंचाई एवं बिजली सहित किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई।

संघ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में दावा राशि भुगतान में पारदर्शिता, जिलों की शॉर्टफॉल रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा केला एवं मिर्च को भी बीमा योजना में शामिल करने की मांग की। सभी कृषि उपज मंडियों में समर्थन मूल्य पर खरीदी, आधुनिक परीक्षण एवं ग्रेडिंग मशीनें लगाने, सोयाबीन खरीदी के पंजीयन शीघ्र शुरू करने तथा धान, मक्का, ज्वार और बाजरा की समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन में पर्याप्त मात्रा में डीएपी-यूरिया उपलब्ध कराने, एनपीके पर डीएपी की तरह अनुदान, अतिवृष्टि एवं बीमारी से फसल नुकसान की भरपाई, कृषि यंत्रों पर अनुदान बढ़ाने और जंगली पशुओं से फसल नुकसान की भरपाई की मांग भी शामिल रही। भारतीय किसान संघ द्वारा बनाए गए एफपीओ को खाद-बीज एवं मंडी लाइसेंस तथा सरल ऋण सुविधा देने की मांग की गई। संघ ने बंद मंडियों एवं सिंचाई परियोजनाओं को शुरू करने, नहरों की मरम्मत, देशी गाय के दूध पर प्रोत्साहन राशि तथा कृषि न्यायालय की स्थापना की मांग भी रखी। विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए ट्रांसफार्मर बैंक बनाने, अधिक भार वाले ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने तथा जले ट्रांसफार्मर 24 घंटे में बदलने की मांग की गई।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष अरुण पटवारे, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र बांके, संभागीय सदस्य रामकृष्ण मुकाती, आनंद राम किरार, ब्रजमोहन राठौड़, राज नारायण गौर, बालकृष्ण मालगाया, शिवदान सिंह राजपूत, संजय खोदरे, बालक दास छापरे, मुकेश बांके, सुनील बांके, मुकेश दीनबंधु गौर, दुगाया, सोनू गोलियां, आनंद माली, शिवदान एवं नारायण मालवीय सहित किसान उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



हरदा। अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार एवं अनुपमा चौहान ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी शैलेन्द्र बड़ोनिया सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम बघवानी निवासी मोहनलाल ने आवेदन देकर बच्ची के इलाज के लिये सहायता की मांग की, जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम टेमागांव निवासी रामबाई ने नक्शा दुरूस्त कराने तथा रास्ते का निराकरण कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार रहटगांव को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम जलोदा के ग्रामीणों ने आवासीय पट्टा उपलब्ध कराने की मांग की, जिस पर एसडीएम टिमरनी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम पाढरमाटी निवासी प्रमोद बड़ोदिया व ग्राम ढेगा निवासी तुलसीराम कलमे ने आवेदन देकर ठेकेदार द्वारा मजदूरी का भुगतान न करने के संबंध में शिकायत की, जिस पर श्रम पदाधिकारी हरदा को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

छिपानेर घाट पर दबिश, उत्खनन में प्रयुक्त पनडुब्बी की जब्त

नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन पर पुलिस का शिकंजा

हरदा। नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत टिमरनी थाना एवं पुलिस चौकी करताना की टीम ने सोमवार को छिपानेर घाट पर कार्रवाई की। पुलिस ने नदी में अवैध रेत उत्खनन के लिए प्रयुक्त एक पनडुब्बी जब्त की है। मामले में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना प्रभारी टिमरनी निरीक्षक मुकेश गौड के नेतृत्व में पुलिस चौकी करताना की टीम ने 14 सितंबर को छिपानेर घाट स्थित नर्मदा नदी में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान नदी में रेत के अवैध उत्खनन में प्रयुक्त पनडुब्बी पुलिस के हाथ लगी। टीम ने मौके पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पनडुब्बी को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। अवैध गतिविधियों



में संलिप्त व्यक्तियों तथा उनके द्वारा उपयोग किए जा रहे संसाधनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई में थाना प्रभारी टिमरनी निरीक्षक मुकेश गौड, चौकी प्रभारी करताना उप निरीक्षक प्रकाश सोलंकी, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक 368 दीपक जाट एवं सैनिक रूप सिंह की भूमिका रही।

खरगोन, मैंनगांव व जैतापूर थाना क्षेत्रों में स्थित गणेश पंडालों का किया निरीक्षण

खरगोन। शहर में गणेश उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिमाला प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा द्वारा खरगोन, मेनगांव एवं जैतापुर थाना क्षेत्रों में स्थापित विभिन्न गणेश प्रतिमा पंडालों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, भीड़ प्रबंधन, आवागमन एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पंडालों पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे ड्यूटी के दौरान पूरी तरह सतर्क एवं अलर्ट रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों एवं संबंधित थाना प्रभारी को दें। अधिकारियों द्वारा गणेश प्रतिमा पंडालों के आयोजकों एवं वालंटियर्स से चर्चा की गई तथा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली गई। आयोजकों से अपील की गई कि वे पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।



उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिमाला प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के द्वारा खरगोन शहर में गणेश उत्सव के दौरान संवेदनशील एवं प्रमुख क्षेत्रों में सतत पेट्रोलिंग, आवश्यकतानुसार फिक्स पॉइंट लगाने तथा असामाजिक एवं संदिग्ध तत्वों पर लगातार निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (शहर) बिट्टू सहगल, एसडीओपी खरगोन सौरभ तोमर व थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक बीएल मंडलोई, थाना प्रभारी मैंनगाँव निरीक्षक एमआर रोमड़े सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता व स्वच्छता बनाए रखने के दिए निर्देश

होटलों में खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच, 7 प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खरगोन शहर स्थित विभिन्न होटल एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने होटल संचालकों को निर्देशित किया कि खाद्य प्रतिष्ठानों में फूड हाइजीन का विशेष रूप से पालन किया जाए। खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले क्षेत्रों की नियमित अंतराल पर साफ-सफाई एवं सैनिटाइजेशन किया जाए। खाद्य सामग्री को निर्माण स्तर से ही स्वच्छ एवं सुरक्षित रखा जाए।





साथ ही खाद्य पदार्थों को उचित तापमान पर पकाने तथा माइक्रोबियल संक्रमण से बचाव के लिए पके हुए भोजन को निर्धारित तापमान पर उचित समय तक गर्म रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने पूर्णतः पका हुआ एवं सुरक्षित भोजन ही ग्राहकों को उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। नटराज होटल, बावड़ी बस स्टैंड से सोयाबीन तेल एवं बेसन, श्री गणेश होटल, बावड़ी बस स्टैंड से सोयाबीन तेल, ज्योति होटल, बिस्टान नाका से पोहा एवं बेसन तथा राधे श्री कचोरी होटल, बस स्टैंड से सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया। इसी प्रकार शिवम होटल, बस स्टैंड से पोहा, नटराज कैफे हाउस, बस स्टैंड से सोयाबीन तेल तथा शिवम संगम होटल, बस स्टैंड से मैदा एवं बेसन के नमूने संग्रहित किए गए। सभी संग्रहित नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि आगामी समय में भी खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इस कार्रवाई के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एचएल आवस्या तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर सोलंकी एवं एनएस सोलंकी उपस्थित रहे।